










# 2024 सारांश

ऑस्टिन / ट्रैविस काउंटी





# FOOD





# PLAN



**एक खाद्य योजना** स्थानीय सरकार को समुदाय के सदस्यों, किसानों और कर्मचारियों, खाद्य खुदरा और सेवा श्रमिकों, छात्रों, छोटे व्यवसाय के मालिकों और अन्य भागीदारों के साथ स्थानीय खाद्य प्रणाली के लिए एक दूरदर्शिता और कार्य  करने  योग्य लक्ष्य बनाने का अवसर प्रदान करती है।

# खाद्य प्रणाली

खाद्य प्रणाली भोजन से संबंधित हर चीज़ के आपस में जुड़े हुए एक नेटवर्क की तरह होती है - इसे कहाँ और कैसे उगाया जाता है, वितरित किया जाता है, बेचा जाता है, खाया जाता है, ज़ाया किया जाता है या पुनर्प्राप्त किया जाता है। वैश्विक स्तर पर, खाद्य प्रणाली को इसके हितधारकों, प्रथाओं और उन कानूनों द्वारा आकार दिया जाता है जो दोनों को नियंत्रित करते हैं। यह खाद्य योजना खाद्य प्रणाली को परस्पर जुड़े हुए पाँच क्षेत्रों के रूप में देखती है, जिनके केंद्र में है खाद्य न्याय:[1]

- **खाद्य उत्पादन:** हमारा भोजन कहाँ से आता है, जिसमें खेती से लेकर पशुपालन और मकान के पीछे के आंगन की बागवानी तक सब कुछ शामिल है।
- **खाद्य प्रसंस्करण और वितरण:** भोजन कहाँ उगाया जाता है और आपकी थाली तक पहुँचने तक उसके साथ क्या होता है, जिसमें भोजन को एक जगह से दूसरी जगह कैसे ले जाया जाता है और प्रसंस्कृत किया जाता है शामिल है।
- **खाद्य बाज़ार और खुदरा विक्रेता:** जहाँ भोजन बेचा जाता है, खरीदा जाता है या मुफ़्त में प्रदान किया जाता है।
- **खाद्य सेवन और पहुँच:** हम अपना भोजन कैसे खाते हैं, पर्याप्त भोजन पाने के लिए कौन संघर्ष करते हैं, और हमारे सेवन का हमारे स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है।
- **सेवन के बाद और ज़ाया भोजन:** भोजन के उस भाग का क्या होता है जिसे हम खाते नहीं हैं और पर्यावरण पर इस ज़ाया किए गए भोजन का क्या प्रभाव पड़ता है।
- **खाद्य न्याय:** यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना कि भोजन कहाँ, क्या और कैसे उगाया जाता है, उत्पादित किया जाता है, ट्रांसपॉर्ट किया जाता है, वितरित किया जाता है, पहुँचाया जाता है और खाया जाता है, इसके लाभ और जोखिम निष्पक्ष रूप से साझा किए जाते हैं। यह मौजूदा खाद्य प्रणाली के परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें भेद-भाव और असमानताओं को खत्म करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।




इस योजना में हमारी स्थानीय खाद्य प्रणाली में 5-काउंटी ऑस्टिन मेट्रोपॉलिटन सांख्यिकीय क्षेत्र बास्ट्रोप, कैलडवेल, हेस, ट्रैविस और विलियमसन काउंटियों को शामिल करने पर विचार किया गया है।
हालाँकि, इस योजना में उल्लिखित दूरदर्शिता, उद्देश्य, लक्ष्य और रणनीतियाँ भौगोलिक रूप से ऑस्टिन शहर और ट्रैविस काउंटी पर केंद्रित हैं।



# समुदाय केंद्रित प्रक्रिया

हर चरण में, खाद्य नियोजन प्रक्रिया का उद्देश्य मौजूदा खाद्य प्रणाली से सबसे अधिक प्रभावित लोगों की समानता और जीवित विशेषज्ञता को केंद्र में रखना था। ऑस्टिन और ट्रैविस काउंटी के सभी सामुदायिक सदस्यों ने जानकारी प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए समय और ऊर्जा समर्पित की, कि अंतिम योजना सामुदायिक ज्ञान और समाधानों पर आधारित हो।

कुल मिलाकर, हमने जनवरी 2023 से मई 2024 के बीच तीन चरणों में ऑस्टिन और ट्रैविस काउंटी के निवासियों के साथ 80 से अधिक सहभागिता की गतिविधियाँ आयोजित कीं:

- **चरण 1:** एक दूरदर्शिता विकसित करना
- **चरण 2:** लक्ष्य और रणनीति विकसित करना
- **चरण 3:** सार्वजनिक समीक्षा और सच्चाई



**1,399**

प्रतिभागियों को सामुदायिक सलाहकार समिति, सामुदायिक खाद्य राजदूतों, मुद्दा क्षेत्र समूह कार्यशालाओं और अन्य औपचारिक खाद्य योजना बैठकों में शामिल किया गया।

जिन प्रतिभागियों ने जनसांख्यिकीय विवरण साझा किए उनमें से: 46% ने सीधे तौर पर प्रभावित होने के रूप में पहचान की, 19% ट्रैविस काउंटी में रहते थे, और 13% ने अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में भाग लिया।

**2,226**

अतिरिक्त प्रतिभागियों ने कार्यक्रमों के आयोजन और प्रस्तुतियों में हिस्सा लिया।

**3,625**

अनुमान है कि कुल इतने लोगों ने खाद्य योजना सहभागिता में भाग लिया।



# खाद्य योजना दूरदर्शिता एवं लक्ष्य

## दूरदर्शिता

हम एक ऐसी न्यायसंगत, सुलभ और सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण खाद्य प्रणाली की कल्पना करते हैं, जो असमानताओं को दूर करके बनाई गई हो, जो समावेशी संपन्न समुदायों, स्वस्थ परितंत्रों और जलवायु परिवर्तन के समाधानों का समर्थन करे और उन्हें बनाए रखे, जहाँ हर कोई अभी और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी पूरी क्षमता तक पहुँच प्राप्त कर सके।



## लक्ष्य

समुदाय ने ऑस्टिन/ट्रैविस काउंटी में न्यायसंगत, सुलभ और सांस्कृतिक रूप से विविध खाद्य प्रणाली को प्राप्त करने के लिए नौ लक्ष्यों को विकसित किया और प्राथमिकता दी।

लक्ष्य 1
ज़मीन

लक्ष्य 2
स्वामित्व

लक्ष्य 3
आजीविका

लक्ष्य 4
तैयारी

लक्ष्य 5
संस्थाएँ

लक्ष्य G
पहुँच

लक्ष्य 7
खाद्य पुनर्प्राप्ति

लक्ष्य 8
जलवायु समर्थक, स्वास्थ्य समर्थक भोजन

लक्ष्य 9
सशक्त बनाना

# लक्ष्य 1. ज़मीन

*सामुदायिक खाद्य उत्पादन का विस्तार करें, कृषि की ज़मीन को संरक्षित करें, तथा ऑस्टिन/ट्रैविस काउंटी में दीर्घकालिक रूप से पुनरुत्पादक खाद्य उत्पादन के लिए समर्पित कृषि की ज़मीन की मात्रा में वृद्धि करें।*

## प्रमुख तथ्य

2007 से 2012 के बीच, ट्रैविस काउंटी में प्रतिदिन लगभग 5.4 एकड़ कृषि ज़मीन नष्ट हुई थी। फिर, 2012 से 2017 तक, प्रतिदिन लगभग 16.8 एकड़ कृषि की ज़मीन नष्ट हुई। हाल ही में, 2017 से 2022 के बीच, लगभग 13.0 एकड़ कृषि की ज़मीन नष्ट हुई।[2]






### जो हमने सुना

*ऑस्टिन के आस-पास की कृषि की ज़मीन को संरक्षित करें। फिर, मैं सहकारी बाज़ार बनाकर किसानों की सहायता करूँगा जहाँ हमारी उपज, मांस और मूल्य-वर्धित उत्पाद बेचे जाएँगे।*

# लक्ष्य 2. स्वामित्व




*आर्थिक रूप से वंचित किसानों और पशुपालकों के स्वामित्व वाले ऑस्टिन/ट्रैविस काउंटी के फ़ार्मों की संख्या में वृद्धि करके पुनरुत्पादक खाद्य उत्पादन के लिए ज़मीन तक पहुँच और प्रबंधन में वृद्धि करना।*




## प्रमुख तथ्य

ट्रैविस काउंटी फ़ार्म का स्वामित्व सामान्य जनसंख्या की जनसांख्यिकी को प्रतिबिंबित नहीं करता है।[3]




**11%**

हमारे किसान दूसरी नस्ल/जाति के हैं




**39%**

हमारे किसान औरतें हैं



### जो हमने सुना


*(हमारी खाद्य प्रणाली को ज़रूरत है और) मूल अमेरिकी स्वदेशी फसलों को स्थानीय स्तर पर सामुदायिक खेतों में उगाने की ताकि लोगों को खुद उगाने और फसल काटने में मदद मिल सके।*

# लक्ष्य 3. आजीविका

*सुरक्षा के एक जाल को सुनिश्चित करके, कैरियर का मार्ग निर्धारित करके, प्रशिक्षण के अवसरों का विस्तार करके, तथा स्थानीय खाद्य प्रणाली में श्रमिकों के लिए उन्नति के अवसरों को मजबूत करके कृषि श्रमिकों और खाद्य श्रमिकों की आजीविका में सुधार लाना।*

## प्रमुख तथ्य

ट्रैविस काउंटी के खाद्य सेवा कर्मचारियों का औसत वेतन $15.45/घंटा है। शहर/ काउंटी के कर्मचारी का जीवन निर्वाह वेतन $20.80 प्रति घंटा है। सर्वेक्षण में शामिल लगभग आधे खाद्य कर्मचारियों ने बताया कि वे वर्तमान में या पहले भूख का अनुभव कर चुके हैं।[4]






**जो हमने सुना**

*सुनिश्चित करें कि खाद्य सेवा कर्मचारियों को जीविका-योग्य वेतन मिले।*

# लक्ष्य 4. तैयारी

*एक ऐसी प्रत्यास्थी, समावेशी और सुलभ आपातकालीन खाद्य प्रावधान प्रणाली की स्थापना और वित्तपोषण करना, जो यह सुनिश्चित करे कि सांस्कृतिक पृष्ठभूमि या चिकित्सा की ज़रूरतों की परवाह किए बिना सभी समुदाय के सदस्यों को आपदाओं और आपात स्थितियों के दौरान सुरक्षित, पौष्टिक और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त भोजन उपलब्ध हो।*

## प्रमुख तथ्य

ज़्यादातर प्रमुख खाद्य वितरण केंद्र ऑस्टिन के बाहर IH-35 कॉरिडोर पर स्थित हैं – खराब मौसम के दौरान इस राजमार्ग पर निर्भरता अतिसंवेदनशीलता को दर्शाती है।[5]







### जो हमने सुना

*आपातकालीन भोजन से और भी अधिक चिकित्सा संबंधी समस्याएँ नहीं होनी चाहिए।*

*किराने की दुकानों के साथ बैकअप उत्पादन पर काम करना प्राथमिकता होनी चाहिए।*

# लक्ष्य 5. संस्थाएँ

*मूल्य-सरेखित वितरण और खरीद के ढांचे को अपनाकर और स्थानीय स्तर पर प्राप्त संस्थागत मेन्यू के प्रतिशत में वृद्धि कर ज़्यादा प्रत्यास्थी और टिकाऊ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाएँ बनाएँ।*

## प्रमुख तथ्य

ट्रैविस काउंटी में उपभोग किए जाने वाले भोजन का केवल 0.06% ही स्थानीय स्तर पर उत्पादित होता है।[6]






### जो हमने सुना

*ज़्यादा मजबूत उत्पादन और आपूर्ति आसान वितरण से शुरू होती है - सब्सिडी वाले बाज़ार और भंडारण, जिसमें छोटे उत्पादक बढ़ सकते हैं।*

# लक्ष्य 6. पहुँच


*ऑस्टिन/ट्रैविस काउंटी के उन निवासियों के लिए खाद्य वितरण कार्यक्रमों और खाद्य खुदरा स्थानों में पौष्टिक और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक भोजन तक पहुँच का विस्तार करना, जो भोजन के प्रति असुरक्षा का अनुभव कर रहे हैं या खाद्य पहुँच में बाधाओं (निकटता, पहुँच, आय और उपलब्धता) का सामना कर रहे हैं, ऑस्टिन/ट्रैविस काउंटी के उन क्षेत्रों में निवेश की प्राथमिकता के साथ, जहाँ खाद्य असुरक्षा की उच्च दर है।*

## प्रमुख तथ्य

2022 में, ट्रैविस काउंटी के 15% (187,990) निवासी भोजन के प्रति असुरक्षित थे, जिसका अर्थ है कि उनके पास पर्याप्त किफायती, पौष्टिक भोजन तक विश्वसनीय पहुँच नहीं थी। यह दर राष्ट्रीय औसत से 13% ज़्यादा है।[7]

**15%**

2022 में ट्रैविस काउंटी के निवासी भोजन के प्रति आशंकित थे





### जो हमने सुना

*ऑस्टिन के एशियाई अमेरिकी समुदाय के सदस्य के रूप में, मैं एक ज़्यादा न्यायसंगत खाद्य प्रणाली देखना चाहता हूँ। यह सांस्कृतिक रूप से अधिक उपयुक्त भोजन और खाद्य वितरण के रूप में प्रकट हो सकती है।*

# लक्ष्य 7. खाद्य पुनर्प्राप्ति

*चक्रीय खाद्य अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य में सुधार लाने, तथा जलवायु के प्रभाव को कम करने के लिए अतिरिक्त भोजन और ना खाए गए भोजन को कचरे के भराव क्षेत्र (लैंडफिल) से हटाने की प्रक्रिया को बढ़ाना।*



## प्रमुख तथ्य

राष्ट्रीय स्तर पर, कचरे के भराव क्षेत्र में जाने वाली सामग्री का लगभग 31% भाग जैविक होता है। ऑस्टिन में, कचरे के भराव क्षेत्र में जाने वाली सामग्री का लगभग 37% हिस्सा जैविक है।[8]

**37%**

सामग्री जो ऑस्टिन में भराव क्षेत्र में जाती है, वह जैविक है।



### जो हमने सुना

*मैं सब्जियाँ उगाता हूँ और अक्सर मेरे पास ज़रूरत से ज़्यादा जल्दी खराब होने वाली सब्ज़ियाँ होती हैं। मैं उन सब्ज़ियों को किसी ऐसे व्यक्ति से जोड़ने का एक व्यवस्थित तरीका चाहता हूँ जो उनका उपयोग कर सके।*

# लक्ष्य 8. जलवायु समर्थक, स्वास्थ्य समर्थक भोजन

*उन खाद्य पदार्थों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाएँ जो हमारे शरीर को पोषण देते हैं और हमारी खाद्य प्रणाली से पड़ने वाले समग्र पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हैं, साथ ही पहुँच से जुड़ी बाधाओं को भी दूर करते हैं।*

## प्रमुख तथ्य

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के 2023 के एक अध्ययन में यह पाया गया कि पौधों पर आधारित आहार से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 75% की कमी आई, पानी का उपयोग 54% कम हुआ और बायो डाइवर्सिटी यानी जैव विविधता में 66% की कमी पाई गई। इसके अलावा पौधों पर आधारित आहार स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी साबित हुए हैं, जिसमें कोरोनरी हृदय रोग, उच्च ब्लड प्रेशर, शुगर के जोखिम का कम होना और आयु का बढ़ना भी शामिल है।[9]

**पौधों पर आधारित आहार**



**-75%**
**ग्रीनहाउस एमिशन**

**-66%**
**जैव विविधता का नुकसान**

**-54%**
**पानी का उपयोग**





**जो हमने सुना**

***मैं पौधों पर आधारित भोजन और जलवायु के अनुकूल आहार का समर्थन करूँगा जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं, कम खर्चीले हैं और पृथ्वी के लिए भी अच्छे हैं।***

# लक्ष्य 9. सशक्त बनाना


*खाद्य योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सामुदायिक शिक्षा, सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे का विकास करना, जिसे स्थानीय खाद्य प्रणाली नेटवर्क में वित्त पोषण, डेटा के संग्रह, साझेदारी और सामुदायिक भागीदारी में वृद्धि के माध्यम से मापा जाता है।*

## प्रमुख तथ्य

अपनी 2023 की रिपोर्ट, ऑस्टिन/ट्रैविस काउंटी की खाद्य योजना के लिए कार्यान्वयन मार्गदर्शिका में, शोधकर्ता स्टेफ़नी चूप ने सफल कार्यान्वयन के लिए पाँच सलाहें पेश की हैं।[10]

1. मजबूत अंतर-क्षेत्रीय, अंतर-सरकारी और अंतर-विभागीय समन्वय विकसित करें;
2. साझा दूरदर्शिता और लक्ष्यों की दिशा में सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करें;
3. रणनीतियों के बारे में बताने और प्रगति को मापने के लिए क्षेत्र-आधारित अनुसंधान और डेटा एकत्रण का संचालन करें;
4. सबसे अधिक वंचित समुदायों को प्राथमिकता दें; और
5. नेतृत्व निर्माण और परिवर्तन एजेंसी को बढ़ावा देकर कार्यान्वयन में लचीलापन लाएँ।






### जो हमने सुना

*एक योजना उतनी ही अच्छी होती है, जितना कि उसका क्रियान्वयन।*

*समुदायों को सशक्त बनाने और शिक्षित करने से कई लोगों के जीवन पर पीढ़ीगत प्रभाव पड़ेगा।*

*मैं ऑस्टिन की खाद्य प्रणाली में क्रांति की शुरुआत के समय में आने पर बहुत उत्साहित हूँ।*



## अंतिम टिप्पणियाँ

1 सामुदायिक सलाहकार समिति द्वारा अनुमोदित, जो योजना के विकास के लिए निगरानी प्रदान करने वाली एक मार्गदर्शक संस्था है।
2 कृषि की जनगणना (2022)
3 कृषि की जनगणना (2022)
4 लाइटकास्ट 2024.2 - QCEW कर्मचारी, गैर-QCEW कर्मचारी, और स्व-नियोजित
5 सप्लाई चैन भेद्यता मूल्यांकन
6 ऑस्टिन स्टेट ऑफ़ द फ़ूड सिस्टम रिपोर्ट
7 फीडिंग अमेरिका मैप द मील गैप रिपोर्ट (2024)
8 ऑस्टिन रिसोर्स रिकवरी (2016)
9 EAT लैंसेट कमीशन की सारांश रिपोर्ट (2019)
10 स्टेफ़नी चुप (2023), "ऑस्टिन/ट्रैविस काउंटी खाद्य योजना के लिए एक कार्यान्वयन मार्गदर्शिका"


## आभार

ऑस्टिन/ट्रैविस काउंटी की खाद्य योजना समुदाय के इतने सारे प्रतिबद्ध सदस्यों और भागीदारों के निरंतर प्रयासों के बिना संभव नहीं होती। हमारा समुदाय इस प्रक्रिया के लिए सामने आया और योजना के समर्थकों की संख्या इतनी ज़्यादा रही कि हम उन सबका नाम भी शामिल नहीं कर सकते। हम जनवरी 2023 से अक्तूबर 2024 तक खाद्य योजना प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आभार व्यक्त करते हैं।

ऑस्टिन/ट्रैविस काउंटी

FOOD PLAN

सारांश